# गौरी सुत गणराज पधारो | By Mukesh Bagda | तुझको आना होगा |

गौरी सुत गणराज पधारो
आके सारे काज सवारो,
तुझको आना होगा,
तुझको आना होगा।
भजन गंगा

सारे देवों में पहले तुझको मनाए,
तू ही दयालु सारे विघ्न हटाए,
गिरिजा के प्यारे बाबा शिव के दुलारे,
दुखड़ों से आके देवा हमको उबारो,
तुझको आना होगा,
तुझको आना होगा।
भजन गंगा

रिद्धि सिद्धि के दाता आप कहाए,
कृपा दिखाओ दाता गुण तेरे गाए,
भक्तों की नैया अब है तेरे सहारे,
अटकी कश्ती को आके पार उतारो,
तुझको आना होगा,
तुझको आना होगा।

मलयागिरी चंदन का टीका लगाऊं,
लड्डूओं का देवा तेरे भोग लगाऊं,
'हर्ष' दीवाना तेरी बाट निहारे,
मेरे भी अटके सारे काज सुधारो,
तुझको आना होगा,
तुझको आना होगा।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a4-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%9c-%e0%a4%aa%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%8b-by-mukesh-bagda-%e0%a4%a4%e0%a5%81/